# बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए | By Rajkumar Hulchal , Anjana Raj |

द्वार तेरे आए दर्शन तेरा पाए
बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए

द्वार तेरे आए दर्शन तेरा पाए
विनती करो स्वीकार द्वार तेरे आए
बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए

बाला तेरी महिमा का नहीं कोई पार
पूजा तेरी करता है सब संसार
भक्तों का कर दे बेड़ा पार, द्वार तेरे आए
बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए

पापों का संहार करे, भक्तों का उद्धार
जो गाता है महिमा तेरी, उसका तू रखवार
करते हैं विनती हज़ार, द्वार तेरे आए
बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए

पल में सुनते बाला अपने भक्तों की पुकार
भूत-प्रेत से पीछा छूटे, आए जो भी द्वार
हलचल करता तेरी जय-जयकार, द्वार तेरे आए
बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए

द्वार तेरे आए दर्शन तेरा पाए
बजरंगी सरकार द्वार तेरे आए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86/